>

Title: Need to open a residential high school for girls belonging to Scheduled Tribes in Sheohar District.

**श्रीमती रमा देवी (शिवहर):** सभापति महोदय, आपने मुझे अति आवश्यक विषय को उठाने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं।

महोदय, मेरे शिवहर संसदीय क्षेत्र के शिवहर जिला की स्थापना वर्ष 1995 में हुई थी, किन्तु शिक्षा का समुचित विकास इस जिले में आज तक नहीं हो सका है। वर्ष 2011 की जनगणना में यह बिहार का सबसे सघन आबादी वाला जिला है। इस जिला की साक्षरता प्रतिशत भी अन्य जिलों की तुलना में काफी कम है। यहां उच्च व तकनीकी शिक्षा की स्वीकृति तो मिली है, किन्तु अब तक कोई शिक्षण संस्थान स्थापित नहीं हो सका है। जिस कारण यहां के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए पड़ोस के मुजफ्फरपुर जिले में जाना पड़ता है जो कि सभी के लिए सम्भव नहीं है। इस जिले में अनुसूचित जाति की बालिकाओं की पढ़ाई के लिए कोई आवासीय विद्यालय की व्यवस्था नहीं है। न ही पड़ोस के जिला सीतामढ़ी व पूर्वी चम्पारण में कोई आवासीय विद्यालय है। जिससे अनुसूचित जाति की बालिकाओं का शिक्षा के क्षेत्र में समुचित विकास नहीं हो पा रहा है। आजादी के वर्षों बाद भी अभी तक अनुसूचित जाति की बालिकाओं की कोई सुध नहीं ले पाया है। इनका शैक्षणिक विकास ठहर-सा गया है।

अतः सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि शिवहर जिला में अनुसूचित जाति की बालिकाओं के लिए एक आवासीय उच्च विद्यालय की स्थपना की जाए, जिससे कि अनुसूचित जाति की बालिकाओं का शिक्षा के क्षेत्र में समुचित विकास हो सके।